प्र.का./रा.भा.वि./15वीं अभाअंबैहिनिप्र/2025 दिनांक: 29-03-2025

**मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक (प्रभारी-राजभाषा)**
**Chief General Manager/General Manager (Incharge-OL)**
**भारतीय रिज़र्व बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के समस्त बैंक, बीमा कंपनियां एवं वित्तीय संस्थान**
**Reserve Bank of India/PSU Banks, Insurance Companies and Financial Institution**

**प्रिय महोदय/महोदया,**

**विषय: पीएनबी अखिल भारतीय (15वीं) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता- वर्ष 2025**
**Sub: PNB ALL INDIA (15th) INTER-BANK HINDI ESSAY COMPETITION-YEAR 2025**

हम सहर्ष सूचित करते हैं कि बैंकिंग विषयों पर हिंदी में मूल लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारे बैंक द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयों पर अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएनबी सहित), बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थाओं के सभी अधिकारी और कर्मचारी (राजभाषा अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़कर) प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता हेतु निबंध के विषय निम्नानुसार हैं,

We are pleased to inform that with a view to encourage original writing in Hindi on banking subjects, an All India Inter Bank Hindi essay competition on artificial intelligence is being organized by our bank. All officers and employees of Reserve Bank of India, Public Sector Banks (including PNB), Insurance Companies and Financial Institutions (except Rajbhasha Officers) can participate in this competition. The topics of the essay for competition are as follows,

| |
|---|
| **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग से भारतीय भाषाओं का विकास एवं प्रसार**<br>**Growth and expansion of Indian languages using AI (Artificial Intelligence)**<br>अथवा/or<br>**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग से भावी भारतीय बैंकिंग परिदृश्य**<br>**Future Indian Banking Scenario with the use of AI (Artificial Intelligence)** |

**इच्छुक स्टाफ सदस्य उपर्युक्त 2 विषयों में से किसी भी एक विषय पर अधिकतम 3000 शब्दों में अपनी प्रविष्टी दिनांक 05 मई, 2025 तक ई-मेल आईडी pnbcompetitions@pnb.co.in पर या दस्ती/डाक/कुरियर द्वारा निम्नलिखित पते पर प्रेषित कर सकते हैं :-**

Interested staff members may submit their articles in Hindi on anyone of the above-mentioned topics in maximum 3000 words by 05th May, 2025 on e-mail id pnbcompetitions@pnb.co.in or by hand/post/courier at the following address:

मनीषा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा)
पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय
राजभाषा विभाग, 'ए' विंग, प्रथम तल
प्लॉट संख्या -4, द्वारका, सेक्टर -10, नई दिल्ली-110075

प्रतियोगिता का विवरण और नियम अनुबंध 'क' में दिए गए हैं और प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रारूप अनुबंध 'ख' में दिया गया है।

The details and rules of the competition are given in Annexure 'A' and the format of the certificate to be submitted by the participants is given in Annexure 'B'.

आपसे अनुरोध है कि इस पत्र की विषयवस्तु से अपने संस्थान के स्टाफ सदस्यों, अधीनस्थ कार्यालयों/शाखाओं को अवगत करवाएं तथा प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु अधिक से अधिक स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करें। यह पत्र हमारे बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर भी उपलब्ध है।

You are requested to inform the contents of this letter to the staff members of your office, subordinate offices/branches and encourage maximum staff members to participate in the competition. This letter is also available on our bank's website www.pnbindia.in.

देवार्चन
(देवार्चन साहू)
महाप्रबंधक - राजभाषा

संलग्नक : अनुबंध 'क' एवं 'ख'
Enclosure: Annexure 'A' & 'B'

राजभाषा विभाग (प्रथम तल), प्रधान कार्यालय, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075
OFFICIAL LANGUAGE DEPARTMENT (1st Floor) HEAD OFFICE, SECTOR-10, DWARKA, NEW DELHI-110075

**अनुबंध/Annexure 'क/A'**

**पीएनबी अखिल भारतीय (15वीं) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता - वर्ष 2025**
**प्रतियोगिता से संबंधित नियम तथा शर्तें एवं अन्य विवरण**

**विषय :** इस निबंध प्रतियोगिता के लिए 02 विषय हैं : -

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग से भारतीय भाषाओं का विकास एवं प्रसार/**
**Growth and expansion of Indian languages using AI (Artificial Intelligence)**
**या/or**
**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग से भावी भारतीय बैंकिंग परिदृश्य/**
**Future Indian Banking Scenario with the use of AI (Artificial Intelligence)**

***इच्छुक स्टाफ सदस्य उपर्युक्त 02 विषयों में से किसी भी एक विषय पर निबंध लिख सकते हैं।***

**शब्द सीमा :** उक्त में से किसी भी एक विषय पर लगभग 3000 शब्द (प्रतिभागी निबंध के अंत में कुल शब्दों की संख्या दर्शाएँ)।

**पात्रता :** इस प्रतियोगिता में भारतीय रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएनबी सहित), बीमा कंपनियों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं। *राजभाषा अधिकारी/हिंदी अधिकारी, हिंदी अनुवादक तथा हिंदी सहायक के पद पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं।*

**वर्ग :** मातृभाषा के आधार पर निम्नानुसार 3 वर्ग बनाए गए हैं:-

- **वर्ग "क" - जिनकी मातृभाषा हिंदी है।**
- **वर्ग "ख" - जिनकी मातृभाषा पंजाबी, मराठी, गुजराती, सिंधी एवं उर्दू है।**
- **वर्ग "ग" - जिनकी मातृभाषा उपर्युक्त वर्ग 'क' एवं 'ख' से भिन्न है।**

**पुरस्कार : प्रत्येक 'क', 'ख' एवं 'ग' वर्ग के लिए निम्नलिखित पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं :-**

| पुरस्कार | मातृभाषा - "वर्ग क" (हिंदी) | मातृभाषा - "वर्ग ख" (पंजाबी, मराठी, गुजराती, सिंधी एवं उर्दू) | मातृभाषा - "वर्ग ग" वर्ग 'क' एवं 'ख' से भिन्न भाषा |
|---|---|---|---|
| प्रथम | ₹15000/- | ₹15000/- | ₹15000/- |
| द्वितीय | ₹12000/- | ₹12000/- | ₹12000/- |
| तृतीय | ₹10000/- | ₹10000/- | ₹10000/- |
| प्रोत्साहन-I | ₹6000/- | ₹6000/- | ₹6000/- |
| प्रोत्साहन-II | ₹6000/- | ₹6000/- | ₹6000/- |

**अंतिम तिथि : निबंध की प्रविष्टियाँ दिनांक 05 मई, 2025 (सोमवार) तक प्राप्त हो जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**अन्य नियम एवं शर्तें :**

- निबंध ए-4 आकार के कागज पर एक ओर समुचित हाशिया छोड़कर, हिंदी यूनिकोड में टाइप किया हुआ अथवा स्वच्छ एवं सुपाठ्य हस्तलेख में हिंदी देवनागरी लिपि में लिखित होना चाहिए।
- प्रविष्टि के आवरण पृष्ठ पर प्रतिभागी का विवरण यथा नाम, पदनाम, मातृभाषा, कार्यालय/शाखा का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं भाषा वर्ग आदि लिखा होना चाहिए। ***निबंध में अन्यत्र कहीं भी प्रतिभागी का नाम, पता आदि लिखा नहीं होना चाहिए, अन्यथा प्रविष्टि अमान्य मानी जाएगी।***
- प्रेषित निबंध स्वरचित एवं मौलिक होना चाहिए जिसके लिए प्रत्येक प्रतिभागी को संलग्न फ़ॉर्मेट (अनुबंध 'ख') के अनुसार अपनी प्रविष्टि के साथ एक मौलिकता प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा। मौलिकता प्रमाण पत्र न होने पर प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जायेगा।
- **प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने निबंध शाखा/कार्यालय/ प्रभाग/विभाग के सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणित करवाकर मेल आईडी** pnbcompetitions@pnb.co.in **पर अथवा** डाक/दस्ती/कुरियर के द्वारा निम्नलिखित पते पर प्रेषित कर सकते हैं:-

**मनीषा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा)**
**पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय**
**राजभाषा विभाग, प्लाट नं-04 (प्रथम तल), ए विंग,**
**द्वारका, सेक्टर-10, नई दिल्ली - 110075**
**ई-मेल : pnbcompetitions@pnb.co.in**

- **अनुरोध है कि समस्त प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि केवल pnbcompetitions@pnb.co.in पर ही प्रेषित करें।**
- **प्रतियोगिता के संबंध में पंजाब नैशनल बैंक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, जो सभी प्रतिभागियों के लिए बाध्यकर होगा।**
- उक्त प्रतियोगिता में लगातार पिछले तीन वर्षों से पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारी भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे।
- प्रतियोगिता के परिणाम की सूचना हमारे बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर और विजेताओं तथा उनके संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थाओं के प्रधान कार्यालय को यथासमय दी जाएगी। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि इस संबंध में कोई अन्य पत्र-व्यवहार न करें।
- पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होने की स्थिति में आने-जाने और ठहरने आदि का व्यय पुरस्कार विजेता के बैंक/ संस्था को वहन करना होगा।
- प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा से पूर्व प्रतिभागियों को अपने निबंध को प्रकाशन हेतु अथवा अन्यत्र किसी भी प्रतियोगिता में भेजने का अधिकार नहीं होगा। परिणामों की घोषणा के बाद जिन प्रतिभागियों का चयन पुरस्कार हेतु नहीं किया गया है वे अपने निबंध की प्रविष्टि का प्रयोग अन्यत्र कर सकते हैं।

<u>नोट</u> - पंजाब नैशनल बैंक को अधिकार होगा कि पुरस्कृत निबंध प्रविष्टियों को अपनी गृह पत्रिका में अथवा पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवा सकता है। पंजाब नैशनल बैंक द्‌वारा पुरस्कृत निबंधों के प्रथम प्रकाशन के बाद विजेता अपने निबंधों को अन्यत्र प्रकाशित करवा सकते हैं।

प्रतियोगिता संबंधी किसी भी अन्य जानकारी के लिए प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग (श्री राहुल, प्रबन्धक (राजभाषा) - 9997785544) से सम्पर्क कर सकते हैं।

*****

**अनुबंध/Annexure 'ख/B'**

**पीएनबी अखिल भारतीय (15वीं) अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता - वर्ष 2025**

**मौलिकता प्रमाण पत्र**

1. मैं ...................................................................... (नाम) यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं........................................................(संस्था का नाम) में........................... (पदनाम) के पद पर कार्यरत हूँ।
2. मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि संलग्न हिंदी निबंध स्वलिखित/स्वरचित मौलिक रचना है तथा यह इससे पहले यह न तो कहीं प्रकाशित है और न ही प्रकाशन के लिए अन्यत्र कहीं प्रेषित किया गया है। प्रतियोगिता का परिणाम घोषित होने तक मैं इसका उपयोग अन्यत्र कहीं और नहीं करूँगा/करूँगी।
3. मेरी मातृभाषा --------------------------- है, जो वर्ग ---------------में आती है।

**हस्ताक्षर :** ..................................
**प्रतिभागी का नाम :** ..................................
**पदनाम :** ..................................
**पी. एफ. सं. :** ..................................
**मोबाइल सं. :** ..................................
**ई-मेल:** ..................................
**कार्यालय का पूरा पता :** ..................................
..................................
..................................
**नियंत्रक कार्यालय का नाम:** ..................................
**बैंक/आईएफएससी कोड सहित खाता विवरण:** ..................................
..................................

**प्रतिभागी के कार्यालय के प्रयोग हेतु**

1. प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्रीमती/श्री ........................................................... हमारे कार्यालय/शाखा में ...................................................................(पदनाम) के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी मातृभाषा ................................है, जो वर्ग ---------- में आती है।

**प्रमाणितकर्ता अधिकारी का नाम :** ..........................................
**पदनाम :** ..........................................
**मोबाइल नंबर :** ..........................................

**तिथि :** .................  **कार्यालय की सील/मोहर**  **प्रमाणितकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर**